

## रिश्वतखोर सुपरवाइजर रंगे हाथ गिरफ्तार, मीटिंग के बीच ली चार हजार की रिश्वत

नवभारत न्यूज़

**खंडवा ।** जिले के नया हरसूद और खालवा क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम ने आंगनवाड़ी सुपरवाइजर संतोष कोचले को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। खालवा विकासखंड में पदस्थ आरोपी सुपरवाइजर ने एक फरियादी से उसके विभागीय कार्य को निपटाने के एवज में इस रिश्वत राशि की मांग की थी, जिसकी शिकायत फरियादी द्वारा लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में दर्ज कराई गई थी। शिकायत की गोपनीयता से जांच करने और तथ्यों की पुष्टि होने के बाद लोकायुक्त टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक सुनियोजित जाल बिछाया।

पकड़े जाने के घटनाक्रम के अनुसार, आरोपी सुपरवाइजर संतोष कोचले ने रिश्वत की राशि लेने के लिए खालवा क्षेत्र के रोशनी में आयोजित एक विभागीय मीटिंग का समय और स्थान चुना था। आरोपी को लगा था कि मीटिंग की व्यस्तता के बीच किसी को भनक नहीं लगेगी, लेकिन लोकायुक्त की टीम पहले से ही सादे कपड़ों में वहां तैनात थी। जैसे ही फरियादी ने आरोपी सुपरवाइजर को तयशुदा चार हजार रुपये की राशि सौंपी, सतर्क टीम ने तुरंत घेराबंदी कर उसे रंगे हाथों दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस की इस



संतोष कोचले

अचानक हुई दबिश से मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और पूरे महिला एवं बाल विकास विभाग में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई।

गिरफ्तारी के बाद लोकायुक्त की टीम आरोपी को हरसूद लेकर पहुंची, जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कागजी कार्रवाई पूर्ण की जा रही है। टीम द्वारा आरोपी के पास से रिश्वत के पैसे बरामद कर लिए गए हैं और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या इसमें अन्य लोगों की भी संलिप्तता है। प्रशासन की इस कड़क कार्रवाई ने सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों को कड़ा संदेश दिया है कि रिश्वतखोरी जैसे मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# इमलीपुरा में 'नकली घी' का काला खेल बेनकाब

▶ पशु चर्बी से बन रहा था जहर, ज्वाइंट ऑपरेशन में फैक्ट्री सील, संचालक हिरासत में

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** शहर के घनी आबादी वाले इमलीपुरा इलाके में शुक्रवार को नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ। बेगम पार्क के सामने स्थित एक मकान में संचालित फैक्ट्री पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में पशु चर्बी, हड्डियां, खाल और उससे तैयार किया जा रहा संदिग्ध नकली घी बरामद किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई ने इलाके में लंबे समय से आम जनता को परोसे जा रहे जहर के कारोबार को उजागर कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पशुओं की चर्बी को पिघलाकर उसे घी का रूप देकर बाजार में खपाया जा रहा था। मौके पर वीभत्स हालात, सड़े अवशेषों का अंबार-कार्रवाई के दौरान टीम ने देखा कि परिसर में चारों ओर सड़ी-गली हड्डियां, खाल और चर्बी के ढेर फैले हुए थे। तीव्र दुर्गंध के कारण



आसपास के रहवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा था। आशंका है कि यह नकली घी लंबे समय से असली बताकर सप्लाई किया जा रहा था, जिससे जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो सकता था।

**ज्वाइंट ऑपरेशन में बड़ी कार्रवाई** - कार्रवाई का नेतृत्व सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह और नगर निगम उपायुक्त एसआर सिटोले, प्रभारी राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत के नेतृत्व मे किया गया। मौके पर मोघट थाना टीआई धीरज धरवाल सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर निगम, राजस्व विभाग और स्वास्थ्य अमले ने समन्वय के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया।छापेमारी के दौरान संचालक अनवर कुरैशी को हिरासत में लिया गया। विरोध करने पर अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए उसे और उसके साथियों को तत्काल थाने भेज दिया।

**भारी मात्रा में सामग्री जब्त**-कार्रवाई में कच्चा माल, तैयार घी, पशु चर्बी से भरे कनस्तर, हड्डियां, खाल और प्रसंस्करण उपकरण जब्त किए जब्त घी के सैंपल खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लैब जांच के लिए भेजे जा रहे हैं, ताकि इसकी गुणवत्ता और खतरनाक तत्वों की पुष्टि हो सके।



**इलाके में सख्ती, फैक्ट्री सील की तैयारी**- घटना के बाद इमलीपुरा क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा परिसर के सैनिटाइजेशन और जब्त अवशेषों के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन फैक्ट्री को सील करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में केस दर्ज करने की तैयारी में है।

कार्रवाई पर महापौर के बेबाक बोल - महापौर अमृता अमर यादव ने कहा, नगर निगम शहरवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी कीमत पर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है और आगे भी अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**नेटवर्क की जांच जारी** - प्रशासन अब इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गया है-नकली घी कहां सप्लाई हो रहा था, किन लोगों की इसमें संलिप्तता है और इस काले कारोबार का मास्टरमाइंड कौन है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और शहर में ऐसे सभी अवैध ठिकानों पर शिकंजा कसा जाएगा।

# सेंट पायस विद्यालय में स्वच्छ सर्वेक्षण

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों के अंतर्गत सैंट पायस हायर सेकेंडरी स्कूल, खंडवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई सराहनीय प्रयास पाए गए।विद्यालय द्वारा खाद पिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया गया है, जो सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। परिसर में जगह-जगह डस्टबिन की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही शौचालयों में हैंड ड्रायर, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं इंसीनेरेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध



पाई गईं, जो स्वच्छता एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाती हैं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन के मैनेजर फादर शिजो एमपी, प्राचार्य सिस्टर एल विक्टोरिया, सुपरवाइजर सचिन पॉल तथा कर्मचारी विषाल एवं राधेश्याम से चर्चा की गई एवं उनके प्रयासों की सराहना की गई।नगर पालिक निगम की आयुक्त प्रियंका राजावत द्वारा विद्यालय के इन उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई। साथ ही अन्य विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से भी अपील की गई कि वे खाद पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोक पिट एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने में योगदान दें।

## सांसद के प्रयासों से अब प्रतिदिन मिलेगी पुणे के लिए अमृत भारत ट्रेन

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले की रेल सुविधाओं में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के निरंतर प्रयासों के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने क्षेत्रवासियों, विशेषकर विद्यार्थियों और व्यापारियों की सुविधा के लिए बनारस-हड़पसर (पुणे) अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात दी है। यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित होगी, जिससे पुणे जाने वाले यात्रियों को अब ट्रेनों की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा।

**सांसद की मेहनत रंग लाई**- प्रवक्ता सुनील जैन के अनुसार, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल पिछले लंबे समय से रेल मंत्री से मुलाकात कर पुणे के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की मांग कर रहे थे। इसी का परिणाम है कि रेल बोर्ड ने ट्रेन संख्या 22589 /22590 का परिपत्र जारी कर दिया है। विशेष बात यह है कि पूर्व में इस ट्रेन के रूट में खंडवा और जलगाँव शामिल नहीं थे, लेकिन सांसद की सक्रियता के बाद रेल मंत्री ने इन दोनों स्टेशनों पर भी स्टॉपेज की स्वीकृति दी है।29 अप्रैल को खंडवा में होगा भव्य स्वागत-मध्य रेल परामर्शदात्री समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि खंडवा को मिलने वाली यह पहली अमृत भारत ट्रेन है। बनारस से शुरू होकर पुणे के हड़पसर तक जाने वाली यह ट्रेन 28 अप्रैल को अपनी पहली




यात्रा प्रारंभ करेगी और 29 अप्रैल को सुबह लगभग 11 बजे खंडवा स्टेशन पहुंचेगी। इस ऐतिहासिक पल के लिए खंडवा स्टेशन पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहाँ ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी।

**22 कोचों के साथ आधुनिक सुविधाएं** - यह ट्रेन पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, जिसमें कुल 22 कोच शामिल हैं। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए 8 स्लीपर कोच, 11 साधारण श्रेणी के कोच और 2 अन्य कोच लगाए गए हैं। मुंबई में आयोजित जीएम बैठक में रेलवे के ऑपरेटिंग विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह ट्रेन बनारस से चलकर प्रयागराज, झांसी, बीना, रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी और हरदा होते हुए खंडवा पहुंचेगी। खंडवा के बाद यह भुसावल, जलगाँव और मनमाड होते हुए पुणे (हड़पसर) पहुंचेगी। खंडवा को मिले इस नए स्टॉपेज से जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों में भी हर्ष का माहौल है।

## साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक तनवे

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जसवाड़ी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित



साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक कंचन मुकेश तनवे शामिल हुईं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें नियमित अध्ययन और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के दौर में मोबाइल चौथे बंदर की तरह है, जिससे जितना दूरी रखें उतना बेहतर है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई और ज्ञानवर्धन के लिए करने की सलाह दी।विधायक ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम है और विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन विद्यार्थियों के भविष्य के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके बाद विधायक तनवे ग्राम अमलपुरा स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुईं।कार्यक्रम में तपन डोंगरे, हरीश कोटवाले, राजपाल सिंह चौहान, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## परेशान होटल व्यवसायी ने कलेक्टर से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज़

**मूंदी।** मूंदी क्षेत्र के वार्ड नंबर 01 निवासी व्यवसायी देवेन्द्र राठौर ने जिला कलेक्टर खण्डवा को एक शिकायती पत्र सौंपकर क्षेत्र की दो महिलाओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। देवेन्द्र राठौर, जो कि कंप्यूटर ऑनलाइन सेंटर और लॉजिंग होटल का संचालन करते हैं, का कहना है कि उनके स्वामित्व वाले निजी प्लॉट और 8 फीट के आम रास्ते पर शीलाबाई और रानुबाई नामक महिलाओं ने अवैध रूप से कच्ची टपरी बनाकर कब्जा कर रखा है। व्यवसायी के अनुसार उन्होंने पूर्व में इन महिलाओं की सहायता की थी, लेकिन जब अपनी जमीन से कब्जा हटाने का निवेदन किया तो वे विवाद और डराने-धमकाने पर उतारू हो गईं।शिकायती आवेदन में यह भी



उल्लेख किया गया है कि ये महिलाएं पिछले छह महीनों से व्यवसायी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही हैं। आरोप है कि ये महिलाएं होटल में आने वाले ग्राहकों और परिवार के सदस्यों के अवैध रूप से वीडियो और फोटो बनाती हैं और फिर पुलिस व अन्य विभागों में एसटी एसी एक्ट का दुरुपयोग कर झूठी शिकायतें दर्ज कराती हैं। हाल ही में जनसुनवाई के दौरान मीडिया के समक्ष गलत बयानबाजी कर होटल की छवि को भी नुकसान पहुँचाया गया है। पीडि़ति ने यह स्पष्ट किया है कि पटवारी द्वारा की गई नपती में भी इन महिलाओं का अवैध कब्जा प्रमाणित हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही हैं।व्यवसायी ने प्रशासन को अवगत कराया है कि झूठी शिकायतों और सामाजिक बदनामी के डर से उनका पूरा परिवार सदमे और मानसिक तनाव में है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि इन महिलाओं के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उनके निजी व्यवसाय व परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। पत्र के अंत में व्यवसायी ने चेतावनी भी दी है कि यदि उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उक्त महिलाएं ही होंगी।

### आज मनाया जाएगा संत भूरा भगत जी महाराज का जन्मोत्सव

**खंडवा।** कतिया समाज के संत शिरोमणि श्री भूरा भगत जी महाराज का जन्मोत्सव शनिवार को नवरमीं तिथि पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से आईएससेक्टर, किशोर नगर स्थित श्री नाग मंदिर परिसर में आयोजित होगा। समारोह की शुरुआत संत भूरा भगत जी महाराज के पूजन, अर्चन और आरती से होगी। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा और विगत वर्ष में विवाह बंधन में बंधी बेटियों एवं बहुओं को सुहाग सामग्री भेंट की जाएगी। एक वर्ष के दौरान जन्मे बच्चों का स्वागत भी किया जाएगा।कार्यक्रम में सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श के बाद शाम को संत भूरा भगत जी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के समापन पर सभी समाजजन परिवार सहित भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। अंत में विगत वर्ष में दिवंगत समाजजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला कतिया समाज अध्यक्ष गोविंदप्रसाद नागवंशी ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### तेज गर्मी व लू से बचाव के लिए सावधानी बरत :सीएमएचओ

**खंडवा।** जिले में बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अप्रैल से जून के बीच तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है, जिससे लू का खतरा बढ़ जाता है।उन्होंने कहा कि अधिक देर तक धूप में रहने से सिरदर्द, घबराहट, उल्टी, प्यास लगना और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

शरीर में पानी की कमी गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। धूप में निकलते समय सिर और गर्दन को ढंकें, हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें, पर्याप्त पानी पिएं और खाली पेट घर से बाहर न निकलें। ज्यादा देर तक धूप या भीड़भाड़ वाले गर्म स्थानों से बचें। लू लगने पर मरीज को तुरंत छांव में लिटाएं, कपड़े ढीले करें और ठंडे पेय पदार्थ दें। शरीर का ताप कम करने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां रखें। हालत गंभीर होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचाएं।

## जिम-कैफे व बैंक्वेट हॉल पीपीपी मोड पर संचालित होंगे

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** कलेक्टर एवं निमाड़ क्लब समिति के अध्यक्ष ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को निमाड़ क्लब परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिम, कैफे और बैंक्वेट हॉल के संचालन को पीपीपी मोड पर देने संबंधी जारी अभिरुचि की अभिव्यक्ति पर प्रतिभागियों से चर्चा की गई।कलेक्टर गुप्ता ने प्राप्त सुझावों के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कुल 13 प्रतिभागी उपस्थित रहे, जबकि एक प्रतिभागी ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से शामिल हुआ।इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं निमाड़ क्लब समिति के सचिव डॉ. नागार्जुन बी. गौडा भी वर्चुअली बैठक में जुड़े।

## गांधी भवन में कांग्रेस बैठक, संगठन विस्तार पर जोर

**खंडवा।** जिला कांग्रेस समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को गांधी भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, ब्लॉक स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा तथा आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया समितियों का गठन 10 मई तक पूर्ण कर उसकी रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपी जाएगी। साथ ही सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष अपने-अपने स्तर पर विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति करेंगे, जिससे संगठन का विस्तार जमीनी स्तर तक किया जा



सके।प्रवक्ता प्रेमांशु जैन के अनुसार बैठक में चिकित्सा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. शरद हरणे का पुष्पहार से स्वागत किया गया। वहीं पूर्व प्रस्ताव के अनुसार जिला कांग्रेस प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें उत्तमपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह राठौर, कैलाश हरि पटेल, संजय पाटीदार, सचिन बारे, प्रियेश चौकड़े और मितेश देसाई को शामिल किया गया।बैठक में डॉ. मुनीश मिश्रा, पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, अवधेश सिसोदिया, सुरेश पवार, मनोज भरतकर, शांतनु दीक्षित, राजकुमार कैथवास, पवन पाटीदार, रचना तिवारी, रुपाली बारे, सरोज बघेल, शोएब जैदी, मनोज मंडलोई, संजीव पटेल आदि थे।

## मंगलेश तोमर जिला मीडिया प्रभारी, श्रंगी उपाध्याय आईटी संयोजक

**खंडवा।** भाजपा संगठन में जिला स्तर पर नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रवक्ता सुनील जैन के अनुसार,



प्रदेश संगठन के निर्देश पर विभिन्न प्रकोष्ठों और मोर्चों का गठन जारी है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, आईटी विभाग प्रदेश संयोजक अमन शुक्ला, संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा एवं जिला प्रभारी अंबाराम कराडा की सहमति से जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने मंगलेश तोमर को जिला मीडिया प्रभारी और श्रंगी उपाध्याय को आईटी विभाग का जिला संयोजक नियुक्त किया है।दोनों नियुक्तियों पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, संतोष सोनी, सूरजपाल सिंह, प्रवक्ता सुनील जैन, भारत पटेल सहित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## सीवरेज प्रोजेक्ट तेजी से जारी, स्वच्छता सुधार पर जोर



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** शहर को स्वच्छता में आगे लाने के उद्देश्य से नगर निगम की सीवरेज परियोजना का कार्य तेज गति से जारी है। महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगभग 258 करोड़ रुपए की इस बड़ी योजना पर काम किया जा रहा है। परियोजना की प्रगति को लेकर महापौर ने समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को गुणवत्ता और समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रवक्ता सुनील जैन के अनुसार परियोजना के तहत विभिन्न वार्डों में पाइपलाइन बिछाने, मैनहोल और हाउस चैंबर निर्माण का कार्य लगातार जारी है। हाल ही में एक दिन में 473 मीटर पाइपलाइन बिछाई गई, जिसमें अलग-अलग क्षमता की पाइप शामिल हैं। साथ ही 12 मैनहोल और 20 हाउस चैंबर बनाए गए।अब तक कुल 12 हजार मीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है तथा 492 मैनहोल और 167 हाउस चैंबर का निर्माण पूरा हो चुका है। वार्ड 35, 36, 49 और 50 में कार्य प्रगति पर है, जबकि वार्ड 36 में हाउस सर्विस कनेक्शन का काम चल रहा है।निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर शहर की जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा। बैठक में एमआईसी सदस्य राजेश यादव, वरुण भावरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**एक नजर में** ▶ किसान सेटेलाइट सर्वे के विरोध हुए एकजूट

# किसानों ने अनाज मंडी में हुंकार भरते हुए सरकार को घेरा

नवभारत न्यूज़

**खंडवा ।** संयुक्त कृषक संगठन के बैनर तले आज पुरानी अनाज मंडी में किसानों का विशाल आंदोलन संपन्न हुआ। सेटेलाइट सर्वे प्रणाली और गेहूं खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं से आक्रोशित किसान सुबह 10 बजे से ही बड़ी संख्या में एकत्रित होने लगे थे। किसानों ने एक स्वर में मांग की है कि वर्तमान में लागू सेटेलाइट सर्वे सत्यापित डाटा प्रणाली को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और पटवारी गिरदावरी अनावरी के आधार पर ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू की जावे। आंदोलनकारियों का तर्क है कि




इस नई तकनीकी व्यवस्था के कारण कई वास्तविक किसानों को अयोग्य घोषित कर दिया गया है, जिससे उनका भुगतान और स्लॉट बुकिंग दोनों ही प्रक्रियाएं प्रभावित हो रही हैं।आंदोलन के दौरान किसानों ने गेहूं खरीदी प्रक्रिया में सुधार की मांग करते हुए कहा कि जिले के औसत उत्पादन आंकड़ों के आधार पर ही उपज खरीदी जाए और स्लॉट बुकिंग के समय उपज कम दिखाने वाली प्रक्रिया को पूर्णत: समाप्त किया जाए। इसके साथ ही जिन किसानों का गेहूं पहले ही खरीदा जा चुका है, उन्हें सेटेलाइट डाटा की त्रुटियों के कारण भुगतान से वंचित न रखते हुए तत्काल बिल बनवाकर राशि जारी की जाए। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि गेहूं स्लॉट बुकिंग की समय सीमा 20 मई और खरीदी की तिथि 30 जून तक ब?ाई जाए, साथ ही केंद्रों पर कांटों, हमालों और सोसायटियों की संख्या में वृद्धि की जाए ताकि कोई भी अन्नदाता अपनी फसल बेचने से वंचित न रहे।किसानों ने चना खरीदी के भुगतान में हो रही देरी पर भी क?ा रोष प्रकट किया और कहा कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी राशि बैंक खातों में नहीं पहुँची है, जिसे जल्द से जल्द जारी किया जाना चाहिए। संगठन ने सरकार को सुझाव दिया कि यदि सेटेलाइट प्रणाली को हटाना संभव नहीं है, तो किसानों को 400 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जाए ताकि वे मंडी में अपनी उपज बेचकर अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा कर सकें। इसके अतिरिक्त, उन किसानों पर दर्ज पराली जलाने के प्रकरणों को निरस्त करने की भी मांग उठाई गई ।

प्रदर्शन के अंत में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते इन मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी दिनों में किसान उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।